दिनांक 19.07.2024 ''स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई''

सफाई हेतु गठित जांच समिति द्वारा निरीक्षण किया गया

भिलाई नगर। नगर निगम भिलाई के सामान्य सभा में नगर निगम अधिनियम के अनुसार अध्यक्ष द्वारा सफाई हेतु जांच समिति का गठन किया गया था। जिसमें सत्ता पक्ष विपक्ष एवं निर्दलीय कूल 19 पाषर्दगण़ सदस्य हैं। नगर निगम भिलाई के चार अधिकारी भी उसमें विभागीय रूप से सदस्य है। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में सफाई व्यवस्था किस प्रकार से सुचारू रूप से और व्यवस्थित रूप से चले, इस परिपेक्ष में उनके द्वारा रिपोर्ट दिया जाना है। समिति की प्रथम बैठक गुरुवार के दिन नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय में हुई थी। समिति के सदस्य द्वारा सर्वसम्मति से 25 बिंदु निर्धारित किया गया था । इसी को आधार मानकर शनिवार के दिन वैशाली नगर जोन कार्यालय में जाकर वहां पर सफाई में उपयोग किया जा रहे संसाधनों, गाड़ियों का निरीक्षण किया गया। साथ में सफाई कर्मचारियों से भी बातचीत करके जानकारी प्राप्त की गई। उनको प्रदान की जाने वाली सुविधाओं, सफाई कार्य के तरीके के बारे में पूछताछ की गई। निर्धारित समय के अंदर समिति अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।